समाचार

वार्ड क्र. 65 एवं 66 में 31 लाख रूपये के विकास कार्यो का शुभारंभ

(महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया कार्यो हेतु भूमिपूजन)

कोरबा 04 जुलाई 2016 —नगर पालिक निगम कोरबा के बांकीमोंगरा जोनांतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 65 एवं 66 में आज 31 लाख रूपये की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यो का शुभारंभ किया गया। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज इन सभी विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन किया। सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर ने भूमिपूजन कार्यक्रमों की अध्यक्षता की।

निगम द्वारा अपने बांकीमोंगरा जोनांतर्गत वार्ड क्र. 66 में स्थित प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय के समीप 08 लाख 30 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड एवं नाली का निर्माण तथा इसी वार्ड के शक्ति चौक के पास 11 लाख 38 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य किया जाना है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 65 में भी 11 लाख 04 हजार रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण होना है। आज विभिन्न भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान महापौर श्रीमती अग्रवाल ने इन सभी कार्यो हेतु विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सतत रूप से वार्डो एवं बस्तियों के विकास हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं, इन कार्यो में आमनागरिकों की मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि सड़क, नाली, पानी, बिजली एवं साफ—सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो इस दिशा में सुनियोजित कार्ययोजना के तहत कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर सभापति धुरपाल सिंह कंवर ने कहा कि निश्चित रूप से महापौर श्रीमती अग्रवाल द्वारा कोरबा नगर के साथ—साथ कोरबा पश्चिम क्षेत्र के समुचित विकास हेतु काफी पैमाने पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिसके लिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं। इस मौके पर पूर्व सभापति संतोष राठौर एवं कांग्रेस कमेटी के शहर जिलाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद ने भी संबोधित किया।

<u>किया बस्तियों का भ्रमण</u>—भूमिपूजन कार्यक्रमों के पश्चात महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ वार्ड क्र. 65 एवं 66 की विभिन्न बस्तियों सहित अन्य बस्तियों में

पहुंचकर पैदल भ्रमण किया, वहां के निवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। इस दौरान नागरिकों द्वारा सड़क, नाली, पानी, बिजली, साफ–सफाई एवं विद्युत बिल से संबंधित समस्याएं बताई, इस पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये। बांकी क्र. 02 में स्थित तालाब में पचरी निर्माण की मांग वहां के निवासियों द्वारा की गई। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने तत्संबंध में समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। बांकी स्थित मस्जिद के आने जाने वाले मार्ग में ईद त्यौहार को देखते हुए विशेष रूप से साफ–सफाई किए जाने के निर्देश भी महापौर श्रीमती अग्रवाल ने अधिकारियों को दिये।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर जिलाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति संतोष राठौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य उषादास महंत, भुनेश्वरी देवी, पार्षद प्रसन्ना महंत, रूपादेवी मनहर, बसंत चन्द्रा, सनीष कुमार, कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान, प्रदीप अग्रवाल, मनहरण दास महंत, टीकाराम मनहर, विनोददास महंत, टी.डी. सिंह, विश्वास डाडा, अर्जुन वर्मा, राम नवल यादव, महेन्द्र प्रसाद, राकेश अग्रवाल, डॉ. खुंटे, शंकर दास, राजकुमार मिश्रा, गौतम आनंद, सुरेश साहू, प्रेम टंडन, मोहन लादेर, कांता बाई, संतोषी चौहान आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।